# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 4096 / 2023 दिनांकः 04 फरवरी, 2023

सेवा में,

01. निदेशक शैक्षणिक,
विश्वविद्यालय परिसर।

02. प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक,
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

विषयः– जी0–20 के प्रदेश में प्रचार–प्रसार हेतु प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा विश्वविद्यालय / महाविद्यालय के छात्र / छात्राओं को जागरूक किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के पत्र संख्याः 394 / सत्तर–3–2023, दिनांकः 03 फरवरी, 2023 (संलग्न) के आलोक में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जी–20 की अध्यक्षता कर रहे भारत के सन्दर्भ में आगामी बैठकों को ध्यान में रखते हुए तत्सम्बन्धी प्रचार–प्रसार के लिये दिनांकः 06 फरवरी, 2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में निबन्ध प्रतियोगिता, वाद–विवाद प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालय के छात्र / छात्राओं द्वारा प्रतिभाग सुनिश्चित किया जाना है।

अतः तत्क्रम उपरोक्त निर्धारित तिथि दिनांकः 06 फरवरी, 2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में आयोजित उपरोक्त प्रतियोगिताओं में छात्र / छात्राओं के प्रतिभाग के सन्दर्भ में अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(एस0एल0पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थः–

01. माननीय कुलपति जी।
02. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने एवं कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
03. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
04. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

**शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध**
**संख्या–394/सत्तर–3–2023**

**प्रेषक,**

**डॉ0 अखिलेश कुमार मिश्रा,**
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

**सेवा में,**

1 **निदेशक,**
उच्च शिक्षा उ0प्र0
प्रयागराज।

2 **कुलसचिव,**
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

3 **जी–20 हेतु नामित विभिन्न नोडल अधिकारी/अम्बेस्डर्स।**

**उच्च शिक्षा अनुभाग–3** **लखनऊ : दिनांक 03 फरवरी, 2023**

**विषय** :– जी–20 के प्रदेश में प्रचार–प्रसार हेतु प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को जागरूक किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–384/सत्तर–3–2023, दिनांक 03.02.2023 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों –आगरा, लखनऊ, गौतमबुद्धनगर एवं वाराणसी में जी–20 सम्मेलन बैठक आयोजित किया जाना है।

2– उक्त के आलोक में इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में जी–20 सम्मेलन के प्रति निम्न कार्यक्रम कराये जाने की योजना है:–

1. **निबन्ध प्रतियोगिता**

लखनऊ विश्वविद्यालय में सम्पन्न जी–20 कार्यक्रम में प्रशिक्षित किये गये जी–20 ब्रांड अम्बैसडर्स व कुलपतिगण को शासन द्वारा ऑनलाइन यह निर्देश जारी कर दिये जायेंगे कि वह यथा सम्भव समस्त महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में शासन द्वारा निर्धारित 10 विषयों/टॉपिक (छायाप्रति संलग्न) में से किसी एक विषय पर छात्र/छात्राओं को लगभग 400 शब्दों तक का निबन्ध लेखन जिसके लिए लगभग 70 मिनट का समय दिया जायेगा। निबन्ध लेखन का कार्यक्रम 07 फरवरी, 2023 के सायंकाल तक पूर्ण कर लिया जायेगा। 08.02.2023 की सायंकाल तक इन निबन्धों को संस्थान स्तर पर मूल्यांकन किया जायेगा एवं संस्थान यथोचित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान वाले छात्र/छात्राओं के निबन्ध मुख्यालय को प्रेषित करेंगे। दिनॉक 09.02.2023 को मुख्यालय पर गठित अध्यापकों एवं समाजसेवियों विशेषज्ञों की समिति इन निबन्धों का परिशीलन करेगी। उसके उपरान्त प्राप्त सभी निबन्धों में से प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं का चयन करेगी। प्रथम पुरस्कार की धनराशि रू0 20,000/–, द्वितीय पुरस्कार की धनराशि रू0 15,000/–, तृतीय पुरस्कार की धनराशि रू0 10,000/– एवं सांत्वना पुरस्कार की धनराशि रू0 5,000/– देय होगी। दिनॉक 10 फरवरी, 2023 को मुख्यालय पर चयनित छात्र/छात्रओं की उक्त धनराशि नकद दी जायेगी। यह धनराशि नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन से प्राप्त होने वाली धनराशि से व्यय की जायेगी।

2. **भाषण प्रतियोगिता।**

उक्तानुसार भाषण प्रतियोगिता का आयोजन उक्त तिथियों में महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में किया जायेगा। दिनॉक 07.02.2023 को शासन द्वारा निर्धारित किये गये विषयों में से किसी एक विषय पर भाषण हेतु प्रत्येक छात्र/छात्रओं को 03 मिनट का समय दिया जायेगा। प्रत्येक महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर चयनित छात्र/छात्रओं के भाषणों

को ऑन लाइन माध्यम से दिनॉक 08.02.2023 को मुख्यालय प्रेषित किया जायेगा। दिनॉक 09.02.2023 को मुख्यालय पर गठित समिति द्वारा भाषणों का परिशीलन किया जायेगा। उसके उपरान्त उक्तनुसार प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार दिनॉक 10.02.2023 को मुख्यालय पर दिये जायेंगे।

3. **पेन्टिंग प्रतियोगिता।**

उक्तानुसार पेन्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन उक्त तिथियों में महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में किया जायेगा। दिनॉक 07.02.2023 को शासन द्वारा निर्धारित की गयी थीम के अनुसार किसी भी एक थीम पर पेन्टिंग किये जाने हेतु प्रत्येक छात्र/छात्रओं को 30 मिनट का समय दिया जायेगा, जिसके लिए कलर/ब्रस/पेपर आदि सामग्री छात्र/छात्रओं को लाने होगी। प्रत्येक महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर चयनित छात्र/छात्रओं की पेन्टिंग ऑन लाइन माध्यम से दिनॉक 08.02.2023 को मुख्यालय प्रेषित किया जायेगा। दिनॉक 09.02.2023 को मुख्यालय पर गठित समिति द्वारा पेंटिगों का परिशीलन किया जायेगा। उसके उपरान्त उक्तनुसार प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार दिनॉक 10.02.2023 को मुख्यालय पर दिये जायेंगे।

4. **फैशन शो।**

इस कार्यकम में प्रदेश के चिन्हित 02 जिलों आगरा एवं लखनऊ कालेजों/विश्वविद्यालयों से ऐसे कुछ बच्चों का चयन इच्छित विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा, जो जी–20 के विभिन्न देशों के वेशभूषा एवं भाषण का प्रदर्शन करेंगे। उदाहरणार्थ वाराणसी गंगा के किनारे अस्सी घाट पर जी–20 का फैशन शो एवं लखनऊ में अवध शिल्पग्राम में खुले स्थान में जी–20 देशों की वेशभूषा का छात्रों द्वारा प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यकम कराया जायेगा। इस कार्यकम में सभी छात्रों को मानदेय की धनराशि एवं 4 पुरस्कार दिये जायेगे,जिसका निर्णय समिति द्वारा किया जायेगा।

**संलग्न–यथोपरि।**

भवदीय,

3/2/23

**(डॉ0 अखिलेश कुमार मिश्रा)**
विशेष सचिव।

**संख्या–394 (1)/सत्तर–3–2023–तद्‌दिनांक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– प्रमुख सचिव/सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
2– समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उ0प्र0 शासन।
3– निजी सचिव, विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
4– समस्त क्षेत्रीय, उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।
5– संयुक्त सचिव/उप सचिव/अनु सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
6– प्रो0 मनोज कुमार अग्रवाल, विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

आज्ञा से,

**( अरविन्द सिंह )**
अनु सचिव।

Nikhil G O.

Ten Topics for Discussion and Essay Writing:

1. G20: Indian Culture and New Lifestyle
2. G20: Digital Economy and Linking with Economic Growth
3. G20: People Participation and Economic Development
4. G20: Green Growth
5. G20: Realising Youth Potential
6. G20: Infrastructure and Investment
7. G20: Inclusive Development
8. G20: Indian Financial Sector Reforms in Changing World
9. G20: G20: Women-led Development
10. G20: Sustainable Agricultural Practices

16:54

Forwarded

चर्चा और निबंध लेखन के दस विषय:

1. G20: भारतीय संस्कृति और नई जीवन शैली
2. जी20: डिजिटल अर्थव्यवस्था और आर्थिक विकास के साथ जुड़ाव
3. जी20: जन सहभागिता और आर्थिक विकास
4. G20: हरित विकास
5. जी20: युवा क्षमता को साकार करना
6. जी20: अवस्थापना और निवेश
7. जी20: समावेशी विकास
8. जी20: बदलते विश्व में भारतीय वित्तीय क्षेत्र में सुधार
9. जी20: महिला नेतृत्व से विकास
10. जी20: सतत कृषि पद्धतियां